>

Title: Need to expedite approval to the Kundaliya Irrigation Project and Mohanpura Irrigation Project in Rajgarh district of Madhya Pradesh.

श्री नारायण सिंह अमलाबे (राजगढ़): मैं सरकार का ध्यान जल संसाधन मंत्रालय के अंतर्गत वृहद बहुउद्देशीय उन सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति की प्रक्रिया में होने वाले कई वर्षों तक के विलंब की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं।

मैं मध्य प्रदेश राज्य के सबसे कम सिंचाई प्रतिशत वाले माँ जालपा की नगरी राजगढ़ जिले से आता हूँ। यहाँ हजारों एकड़ भूमि सिंचाई के संसाधनों के अभाव में बंजर पड़ी हुई है। वर्तमान में राजगढ़ जिले की 2 महत्वपूर्ण वृहद बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजनाओं कुण्डालिया एवं मोहनपुरा की स्वीकृति पर कार्य चल रहा है। मेरा अनुरोध है कि इन सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति में लगने वाले लंबे समय के अंतराल को कम करने के लिए सरकार को शीघ्र ही सरलीकरण की कोई योजना तैयार करनी चाहिए ताकि उक्त बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं को शीघ्र ही स्वीकृति मिल सके। आज के इंटरनेट व मोबाइल के युग में इतने लंबे समय तक इंतजार करना परियोजनाओं की स्वीकृति की विश्वसनीयता पर संदेह व प्रश्न चिन्ह खड़ करता है। साथ ही उनकी लागत राशि में भी कई गुना वृद्धि हो जाती है।